# न्यायालय कलेक्टर जिला, बुरहानपुर

राजस्व प्रकरण कमांक 25 अ/59, 2021–22

कमांक /रीडर कले0/2022/ बुरहानपुर, दिनांक 2/8/2022

## आदेश

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, बुरहानपुर व्दारा पत्र कमांक / 264/तक./2021–22 / दिनाक 10–02–2022 प्रस्तुत कर अनुरोध किया गया कि जिला बुरहानपुर अन्तर्गत ग्राम सुक्ता नवाड़ झिरपाजरिया मार्ग निर्माण हेतु राजस्व प्रकरण क0 11 अ/59 2021–22 दिनांक 30–09–2021 द्वारा 2.385 हैक्टर भूमि वन विभाग को हस्तान्तरित की गई है । वन विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण में पत्र कमांक / मा0चि0/20222/ 390 दिनांक 27–01–22 द्वारा उक्त भूमि उपयुक्त नहीं होने से अन्यत्र भूमि उपलब्ध कराने हेतु लेख किया गया है । ग्राम बीड़ रै0 की भूमि खसरा नं0 251, 252 कुल रकबा 2.38 हैक्टर वन विभाग को हस्तान्तरित करने हेतु उचित पाया गया है । पूर्व में प्रदाय की गई भूमि को निरस्त करते हुए ग्राम बीड़ रै0 की भूमि खसरा नं0 251, 252 कुल रकबा 2.38 हैक्टर भूमि वन विभाग को हस्तान्तरित करने का निवेदन किया गया ।

2. प्रकरण दर्ज किया गया । प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी, नेपानगर से जांच कर प्रतिवेदन प्राप्त किया गया । अनुविभागीय अधिकारी, नेपानगर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम बीड़ रै0 के खाते का रकबा 396.21 हैक्टर एवं चरनोई का रकबा 23.68 हैक्टर है । दो प्रतिशत चरनोई का रकबा 7.92 हैक्टर छोड़कर शेष रकबे का आबंटन किया जा सकता है । राजस्व पुस्तक परिपत्र 4–1 कण्डिका–26 के अनुसार सामुदायिक सुविधाओं के विस्तार हेतु आबंटन किये जाने वाली शासकीय भूमि प्रिमियम और भू–भाटक से मुक्त रहेगी । अतः वन विभाग को ग्राम बीड़ रै0 की भूमि खसरा नं0 251, 252 रकबा कमशः 1.66, 0.72 हैक्टर कुल रकबा 2.38 हैक्टर नोईयत परिवर्तन कर आबंटित किया जाना उचित है ।

3. मेरे व्दारा प्रकरण में संलग्न अभिलेखों, जांच प्रतिवेदन का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया । अधिनस्थ न्यायालयों के जांच प्रतिवेदनों से सहमत होते हुए उपरोक्तानुसार अनुशंसा की गई है, ग्राम बीड़ रै0 की भूमि खसरा नं0 251, 252 रकबा कमशः 1.66, 0.72 हैक्टर कुल रकबा 2.38 हैक्टर भूमि म0प्र0 भू राजस्व संहिता की धारा 237(3) के तहत चरनोई मद से व्यपवर्तित कर वृक्षारोपण हेतु राजस्व पुस्तक परिपत्र 4–1 कण्डिका–26 के अन्तर्गत वन विभाग को हस्तांतरित की जाती है ।

कलेक्टर
जिला– बुरहानपुर

पृ0कमांक /वाचक कले0/2021/ 1474
बुरहानपुर, दिनांक 2/8/2022

प्रतिलिपि :–

1– प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।
2– प्रमुख सचिव,म0प्र0 शासन वन विभाग मंत्रालय, भोपाल ।
3– सचिव, म0प्र0शासन राजस्व विभाग भोपाल ।
4– आयुक्त, इंदौर संभाग इंदौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित
5– वनमंडलाधिकारी, (सामान्य) वन मंडल, बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ ।
6– अनुविभागीय अधिकारी, नेपानगर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
7– कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ
8– तहसीलदार नेपानगर की ओर सूचनार्थ एवं रिकार्ड दुरूस्त कर पालन प्रतिवेदन भेजने हेतु अग्रेषित।

कलेक्टर
जिला– बुरहानपुर

ORDER AVANT

Scanned with CamScanner